Headline: NIFTY 50 world's most actively traded contract: Surveys	
Source: Aaj, Lucknow	**Date:** 16 May 2016

एनएसई विश्व के सबसे ज्यादा कारोबार वाले शेयर बाजारों में एक

मुम्बई। भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एनएसई ने विश्व के बड़े एक्सचेंजों के बीच अपना अग्रणी स्थान बनाए रखा है। हाल ही में प्रकाशित सर्वेक्षणों ने वैश्विक एक्सचेंजों के नक्शे के रुझानों को स्पष्ट किया है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज डब्लूएफई और इंटरनेशनल ऑप्शन्स मार्केट एसोसिएशन आईओएमए द्वारा विस्तृत उत्पाद श्रेणी के संबंध में वर्ष 2015 के लिए किए गए डेरिवेटिव मार्केट सर्वे के माध्यम से बाजार के भागीदारों ने एनएसई पर विश्वास कायम रखा है। फ्युचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन एफआईए द्वारा किए गये इसी प्रकार के एक अन्य अध्ययन में भी एनएसई पर भरोसे की पुष्टि की गई है। इन सर्वेक्षणों ने कई अन्य पहलुओं के साथ ही डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग और क्लीयरिंग कामकाज पर ध्यान केंद्रित किया।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज ने अशोक को बनाया चेयरमैन

मुम्बई। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग सीसीआई के पूर्व प्रमुख अशोक चावला नेशनल स्टाक एक्सचेंज एनएसई के चेयरमैन नियुक्त किये गये हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने चावला की नियुक्ति को मंजूरी दे दी।